Awareness Lecture on Road Traffic Rules - An Extension Activity

दिनांक 16 जनवरी 2023 को हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा हरियाणा यातायात विभाग के आदेशानुसार मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत सरकारी उच्चतर मॉडल संस्कृति स्कूल, जींद में कॉलेज की रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी डॉक्टर सीमा दलाल ने अपने सहयोगियों श्रीमान जसबीर काजल, श्रीमान नारायण सिंह के साथ पहुंचकर व्याख्यान के माध्यम से स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थियों को सड़क यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया। यह जागरूकता व्याख्यान डॉक्टर सीमा दलाल द्वारा दिया गया एवं इस कार्यक्रम का संचालन स्कूल स्टाफ श्रीमान ललित कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर सीमा दलाल ने यातायात के नियमों से रूबरू करवाया। उन्होंने बाइक व स्कूटी चलाते समय हेलमेट लगाने की उपयोगिता बताई। इसी के साथ कार या अन्य वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य रूप से करना चाहिए, इसके बारे में बताया। इसी कड़ी में सड़क पर पैदल चलने व रोड क्रॉस करने में किन - किन सावधानियां को बरतना चाहिए के बारे में भी बताया। उन्होंने लाल व हरी बत्ती के नियमों का भी विस्तार से व्याख्यान किया व सभी को शपथ दिलाई कि वे सभी इसे अपने जीवन में पूर्ण रूप से अनुसरण करेंगे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर सुमन सहारन ने यह आश्वासन दिया कि स्कूल के संपूर्ण स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी यातायात के सभी उपरोक्त नियमों को अपने जीवन में लागू करेंगे व आसपास के लोगों को भी इन नियमों को अपने जीवन में लागू करने को जागरूक व प्रोत्साहित करेंगे उन्होंने बताया कि ऐसा करके हम सरकार की इस मुहिम में अपना संपूर्ण योगदान देते हुए सड़क हादसों को कम करके अपने व आमजन के जीवन को सुरक्षित करने का काम सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यक्रम में श्रीमान नरेंद्र, कार्यक्रम प्रबंधक, श्रीमान रामकृष्ण दलाल एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

मंगलवार • 17.01.2023
amarujala.com/jind

दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा पहनें हेलमेट

गोल स्कूल में छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

गोल स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में बताती डॉ. सीमा। विज्ञप्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय ने [illegible] को रोड सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत गोल स्कूल में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रोड सेफ्टी क्लब की इंचार्ज डॉ. सीमा दलाल ने की। इस अवसर पर जसबीर काजल, [illegible] सिंह भी मौजूद रहे। डॉ. सीमा दलाल ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों से रूबरू कराया। उन्होंने बाइक व स्कूटी चलाते समय हेलमेट लगाने की उपयोगिता बताई। इसके अलावा कहा कि कार या अन्य वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य रूप से करना चाहिए। सड़क पर पैदल चलने और रोड क्रॉस करने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया। लाल और हरी बत्ती के नियमों की भी [illegible] जानकारी दी गई। उन्होंने शपथ दिलाई कि वह सभी इसे अपने जीवन में पूर्ण रूप से अनुसरण करेंगे। अंत में स्कूल की प्राचार्या डॉ. सुमन सहारन ने यह आश्वासन दिया कि स्कूल के संपूर्ण स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी यातायात के सभी उपरोक्त नियमों को अपने जीवन में लागू करेंगे। आसपास के लोगों को भी इन नियमों को अपने जीवन में लागू करने को [illegible]

विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

डिफेंस कालोनी स्थित माडल संस्कृति स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते। • विज्ञप्ति

जींद : हिंदू कन्या महाविद्यालय सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत डिफेंस कालोनी स्थित राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में सेमिनार का आयोजन किया गया। डा. सीमा दलाल व ललित ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाना चाहिए। वहीं कार या अन्य चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। पैदल चलते समय सावधानियां बरतनी चाहिए। प्राचार्या सुमन सहारण ने कहा कि अगर हम यातायात नियमों का पालन करते हैं तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है। नियमों का पालन कर हम अपनी व दूसरों की जान बचा सकते है। ऐसा करके हम सरकार की मुहिम में अपना योगदान देते दे सकते हैं। (जासं)

Scanned with CamScanner